AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

साइंस कांग्रेस की तैयारियों को परखने आज विवि आएगी टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन से सात जनवरी के बीच होने वाली भारतीय विज्ञान कांग्रेस की तैयारियों को परखने के लिए साइंस कांग्रेस की एक टीम बृहस्पतिवार को विवि पहुंचेगी। यह टीम 7, 8 और 9 अप्रैल तक विवि में रहकर कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के साथ ही जरूरी दिशा निर्देश देगी। इस टीम में देश के अलग अलग राज्यों से दस से अधिक सदस्य शामिल होंगे।

साइंस कांग्रेस की तैयारियों को देखने के लिए आने वाली टीम के दौरे के मद्देनजर कुलपति प्रो. आलोक राय ने बृहस्पतिवार को एक बैठक कर सात कमेटियों का गठन किया। इन कमेटियों में कोऑर्डिनेशन कमेटी, हॉस्पिटैलिटी कमेटी, मीडिया, फीडबैक, फूड कमेटी, लॉजिस्टिक और स्टूडेंट वॉलंटियर कमेटी शामिल हैं। कुलपति ने विवि के वरिष्ठ प्रोफेसरों के साथ बैठक करते हुए उन्हें साइंस कांग्रेस की टीम का सहयोग और जरूरी इंतजाम कराने के निर्देश दिए। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी लविवि को दी गई है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री और समापन राष्ट्रपति करेंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वभर से बीस से अधिक नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। बैठक में प्रो. पूनम टंडन, प्रो. एसपी त्रिवेदी व प्रो. गीतांजलि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

लखनऊ विवि के कुलपति ने गठित कीं सात कमेटियां

सेमिनार में शामिल होंगे 500 आर्थिक विशेषज्ञ

लखनऊ। लविवि के वाणिज्य विभाग में 11 और 12 अप्रैल को होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को लेकर बृहस्पतिवार को विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता में बताया कि सेमिनार में देश-विदेश के पांच सौ से अधिक आर्थिक विशेषज्ञ शामिल होंगे।

लविवि में 11 और 12 को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

लोगो और पोस्टर का अनावरण किया गया। - संवाद

वे अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने के साथ भारत सरकार के पांच ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि सेमिनार की थीम आजादी के 75 वर्षों बाद दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत के बढ़ते कदम हैं। उद्घाटन केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ सिंह करेंगे जबकि समापन उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी करेंगी। प्रेसवार्ता में उन्होंने कार्यक्रम के लोगो और पोस्टर का अनावरण भी किया। इस दौरान प्रो. सोमेश शुक्ल, प्रो. रामविलास व डॉ. अनीता तिवारी सहित विभाग के अन्य शिक्षक मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : प्रयोगात्मक परीक्षा 25 को

लखनऊ। लविवि में एंथ्रोपोलॉजी विभाग की बीए और बीएससी तीसरे सेमेस्टर के छूटे और बैक पेपर वाले बच्चों की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 अप्रैल को होगी। यह परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे से विभाग में होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. केया पांडेय ने एक पत्र जारी करते हुए बताया कि जो विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें दोबारा कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। (संवाद)

NBT PAGE 4

एलयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 से

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के वाणिज्य विभाग और इंडियन एकाउंटिंग असोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 11 और 12 अप्रैल को दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि इस सम्मेलन में 'सतत् संवृद्धि 75: स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के बाद तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम' पर चर्चा की जाएगी। इसके उद्घाटन के लिए केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को आमंत्रित किया गया है। इसमें देश-विदेश से करीब 500 शिक्षाविद हिस्सा लेंगे।

शिक्षा के अधिकार पर दी जानकारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से गुरुवार को जानकीपुरम स्थित एक निजी स्कूल के छात्रों को पॉक्सो अधिनियम 2012 और शिक्षा का अधिकार कानून के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने छात्रों को विस्तार से बताया।

एलयू आएगी भारतीय विज्ञान कांग्रेस टीम

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में अगले साल भारतीय विज्ञान कांग्रेस तीन से सात जनवरी तक सम्मेलन के लिए आएगी। इस संबंध में गुरुवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर कई कमिटियों का गठन किया है। इसमें कोऑर्डिनेशन कमिटी, हॉस्पिटैलिटी, मीडिया, फीड बैक, फूड, लॉजिस्टिक और स्टूडेंट वॉलंटियर कमिटी शामिल हैं। बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. गीतांजलि मिश्रा समेत कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। वीसी ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस की ओर से 10 सदस्य एलयू आएंगे। वह तीन दिनों तक एलयू में सुविधाओं का जायजा लेंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

विज्ञान कांग्रेस की टीम का भ्रमण आज से

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी जनवरी में होने वाली 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस के आयोजन को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। विज्ञान कांग्रेस की एक टीम शुक्रवार से विश्वविद्यालय का भ्रमण करने आ रही है। टीम के सदस्य तीन दिन तक यहां कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सुविधाओं को देखेंगे। इसके लिए गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कई कमेटियां गठित की हैं। साथ ही उनके साथ बैठक कर निर्देश दिए।

भारतीय विज्ञान कांग्रेस की टीम सात, आठ व नौ अप्रैल को लविवि के दोनों परिसर का भ्रमण कर सुविधाएं देखेगी। इस टीम में विभिन्न प्रदेशों के कुल 10 सदस्य शामिल हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस भ्रमण को लेकर कोआर्डिनेशन कमेटी, हास्पिटैलिटी कमेटी, मीडिया कमेटी, फीडबैक कमेटी, फूड कमेटी, लाजिस्टिक कमेटी और स्टूडेंट वालंटियर कमेटी का गठन किया। गुरुवार को उन्होंने प्रो. पूनम टंडन, प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. गीतांजलि मिश्रा और विभिन्न समितियों के साथ बैठक की।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 से, अर्थव्यवस्था पर होगी चर्चा

लवि के वाणिज्य विभाग व इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन की ओर से 11 व 12 अप्रैल को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार ने प्रेसवार्ता में दी। यहां सम्मेलन का लोगो व पोस्टर भी लांच किया गया। 'सतत् संवृद्धि 75: स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के उपरान्त तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम' विषय पर होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन 11 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय व अश्विनी चौबे करेंगे। सम्मेलन में चार तकनीकी सत्र व परिचर्चा होगी, जिसमें सिंगापुर, अमेरिका, नेपाल, भूटान, दुबई, ओमान, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित भारत के लगभग 500 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद हिस्सा लेंगे। प्रेसवार्ता में प्रो. राम मिलन, प्रो. एसके शुक्ला, डा. गीतिका टी. कुमार, डा. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

लवि के विज्ञान संकाय में पढ़ाए जाएंगे 18 वोकेशनल कोर्स

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत विभिन्न विभागों में स्नातक स्तर पर बीएससी दूसरे व चौथे सेमेस्टर में 18 वोकेशनल कोर्स पढ़ाए जाएंगे। इनमें विज्ञान के हर विभाग से दोनों सेमेस्टर के लिए एक-एक कोर्स शामिल है। इस पर गुरुवार को अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई विभागाध्यक्षों की बैठक में सहमति बनी। यह भी तय हुआ कि प्रति सेमेस्टर अधिकतम 100 छात्र संबंधित विभाग में इन कोर्स कोर्स शामिल हैं।

चयनित वोकेशनल कोर्स

विभाग	बीएससी द्वितीय सेमेस्टर	बीएससी चौथे सेमेस्टर
कम्प्यूटर साइंस	बेसिक कंप्यूटर-1 वीसी-1	बेसिक आफ वेब डिजाइन वीसी-2
जूलाजी	सेरीकल्चर - मेथोड्स एंड प्रास्पेक्ट्स	इंटर्नशिप इन जूलाजी
केमिस्ट्री	फूड केमिस्ट्री	इंडोक्रायन आफ हाइमाटोलाजिकल वेरियेंस, सीरम एंड हिटरोजेट
टिश्योलाजी	जेनेटालाजी	टिश्योआर्किटेक्चराजी
फिजियस	सोलर फोटोवोल्टाइक टेक्नोलाजी/आप्टोइलेक्ट्रानिक्स-1	सोलर थर्मल एप्लीकेशन्स/आप्टोइलेक्ट्रानिक्स-2
गणित	एप्लीकेटी नंबर थ्योरी एंड क्रिप्टोग्राफी/एप्लीकेटी क्रिप्टोग्राफी	
सांख्यिकी	इंटरमीडियेट टू स्टेटिस्टिकल डेटा एनालिसिस-1	इंटरमीडियेट टू स्टेटिस्टिकल डेटा एनालिसिस-2
बाटनी	मालस्य क्वल्टीवेशन टेक्नोलाजी	हायड्रोपोनिक्स क्वल्टीवेशन आफ प्लांट्स

PIONEER PAGE 3

आज इंडियन साइंस कांग्रेस की टीम लखनऊ विश्वविद्यालय आयेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी वर्ष के जनवरी माह में प्रस्तावित इंडियन साइंस कांग्रेस सम्मेलन के आयोजन की जिम्मेदारी लखनऊ विश्वविद्यालय को सौंपे जाने के बाद शुक्रवार को साइंस कांग्रेस की टीम तीन दिवसीय दौरे पर विवि आयेगी। इस टीम में विभिन्न प्रदेशों से कुल 10 सदस्य शामिल होंगे। टीम के परिसर आगमन को देखते हुए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की तरफ से टीम का गठन किया गया है।

7, 8 और 9 अप्रैल को भारतीय विज्ञान कांग्रेस की तरफसे आने वाली टीम लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनो परिसरों का भ्रमण करेगी। कुलपति की तरफ से विजिट के संदर्भ में विभिन्न समितियों यथा कोऑर्डिनेशन कमेटी, हॉस्पटैलिटी कमेटी, मीडिया कमेटी, फीड बैक कमेटी, फूड कमेटी, लॉजिस्टिक कमेटी और स्टूडेंट वॉलंटियर कमेटी का गठन किया। कुलपति ने प्रो पूनम टंडन, प्रो एस पी त्रिवेदी, प्रो गीतांजलि मिश्रा और विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ बैठक की और भारतीय विज्ञान कांग्रेस के सदस्यों साथ समन्वय स्थापित कर उनको सहयोग करने को निर्देशित किया।

वाणिज्य विभाग की तरफ से दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग एंव इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन (लखनऊ शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 और 12 अप्रैल 2023 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को यह जानकारी विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग एवं सम्मेलन के संयोजक प्रो अवधेश कुमार द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह का सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में औपचारिक अनावरण किया, साथ ही आगामी सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 500 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वतजनों के द्वारा पंजीकरण कराया गया हैं, जिसमें मुख्य रूप से ओमान, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, और बांग्लादेश इत्यादि सहित अन्य देशों के डेलिगेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। दो दिवसीय सम्मेलन में 3-3 टेक्निकल सेशन, एक पैनल और प्लेनरी सेशन निर्धारित है। विभागाध्यक्ष ने थीम पर प्रकाश डालते हुए सस्टेनेबिलिटी की महत्ता को बताते हुये कहा कि उसके उचित क्रियान्वयन हमारे समाज के निरन्तर विकास के लिए अतिआवश्यक है, सभी प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट किए बिना, औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को तीव्रता प्रदान करने के उपायों एवं प्रयासों द्वारा भी सतत् वैधविक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय विकास सम्भव है और यह प्रत्येक संस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य है।

इस बात को आगे रखते हुए विभागाध्यक्ष ने यह भी जानकारी दी की भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है, आईएमएफ हो विश्व बैंक हो या फिर दुनियाभर की रेटिंग एजेंसियां, सभी ने भारत देश की अर्थव्यवस्था की प्रशंसा की है। ऐसे में समझा जा सकता है कि भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति किस तरह से दुनिया में अपना परचम लहरा रही हैं। विभागाध्यक्ष के द्वारा यह भी बताया गया कि इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है और इस सम्मेलन से शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को बहुत से नये विचार मिलेंगे जो कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोगी साबित होगें।

THE PIONEER PAGE 3

LU launches courses for US students

Lucknow (PNS): The University of Lucknow has launched a summer programme and a diploma course in Persian and Urdu for foreign students. The 8-week summer programme has been designed by the departments of Persian and Urdu for American students and endorsed by the American Institute, New Delhi and Lucknow.

The diploma course is designed in consonance with the spirit of National Education Policy-2020 and it broadens the scope of language education for specific professional purposes. The summer programme will offer an specially designed module for foreign scholars. The students enrolled with American Institute will be imparted 6-week training in language, culture and communication on the LU campus by the faculties of Persian and Urdu departments. It is expected to begin in May. "It is a first-of-its-kind programme offered by these departments and it shows our global reputation. We are developing some other add-on courses and specially designed need-based courses for foreign students as the interest of foreign students is continuously increasing," dean (academics), LU, Poonam Tandon said. "We are mulling more language courses with a view to building linguistic and cultural bridges internationally. We are committed to disseminating our scientific, philosophical and cultural knowledge globally in the spirit of NEP-2020," Vice-Chancellor Alok Kumar Rai said.

"We have started receiving queries by international students on different short-term programmes on language and culture and Indian knowledge tradition," director of international collaboration and ISA RP Singh said.

DAINIK REPUBLIC RENAISSANCE PAGE 2

भारतीय विज्ञान कांग्रेस की टीम109 वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी के संदर्भ में करेगी लखनऊ विश्वविद्यालय का विजिट

दैनिक रिपब्लिक रैनैसां
ब्यूरो चीफरामकृष्ण मिश्रा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी वर्ष जनवरी 2024 में होने जा रही 109 वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी 3 जनवरी - 7 जनवरी के मध्य करने जा रहा है।इसी संदर्भ में दिनांक 7, 8 और 9 अप्रैल को भारतीय विज्ञान कांग्रेस की तरफसे एक टीम लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनो परिसरों का भ्रमणर्ा वजिट करने आ रही है। इस टीम में विभिन्न प्रदेशों से कुल 10 सदस्य सम्मिलित हैं। कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इस भ्रमण के संदर्भ में विभिन्न समितियों यथा कोऑर्डिनेशन कमेटी, हॉस्पिटैलिटी कमेटी, मीडिया कमेटी, फीड बैक कमेटी, फूड कमेटी, लॉजिस्टिक कमेटी और स्टूडेंट वॉलंटियर कमेटी का गठन किया।उक्त के संदर्भ में कुलपति ने प्रो पूनम टंडन, प्रो एस पी त्रिवेदी, प्रो गीतांजलि मिश्रा और विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ बैठक की और भारतीय विज्ञान कांग्रेस के सदस्यों साथ समन्वय स्थापित कर उनको सहयोग करने को निर्देशित किया।

SHER-E-BALLIA PAGE 4

अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम विषयक "दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 11 से

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। वाणिज्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एंव इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन लखनऊ शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी दिनांक 11-12 अप्रैल 2023 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, विशयक- "सतत् संवृद्धि / 75स्त स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के उपरान्त तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम हैं" का आयोजन करने जा रहा है, जिसकी जानकारी विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग एवं सम्मेलन के संयोजक प्रो0 अवधेश कुमार द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह का सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में औपचारिक अनावरण किया, साथ ही आगामी सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 500 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वतजनों के द्वारा पंजीकरण कराया गया हैं, जिसमें मुख्य रूप से ओमान, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, और बांग्लादेश इत्यादि सहित अन्य देशों के डेलिगेट्स प्रतिभाग कर रहे है। दो दिवसीय सम्मेलन में 3-3 टेक्निकल सेशन, एक पैनल और प्लेनरी सेशन निर्धारित है। विभागाध्यक्ष ने थीम पर प्रकाश डालते हुए सस्टेनेबिलिटी की महत्ता को बताते हुए कहा कि उसके उचित क्रियान्वयन हमारे समाज के निरन्तर विकास के लिए अतिआवश्यक है, सभी प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट किए बिना, औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को तीव्रता प्रदान करने के उपायों एवं प्रयासों द्वारा भी सतत् वैधविक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय विकास सम्भव है और यह प्रत्येक संस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य है।

इस बात को आगे रखते हुए विभागाध्यक्ष ने यह भी जानकारी दी की भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है, आईएमएफ हो विश्व बैंक हो या फिर दुनियाभर की रेटिंग एजेंसियां, सभी ने भारत देश की अर्थव्यवस्था की प्रशंसा की है। ऐसे में समझा जा सकता है कि भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति किस तरह से दुनिया में अपना परचम लहरा रही हैं। विभागाध्यक्ष के द्वारा यह भी बताया गया कि इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है और इस सम्मेलन से शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को बहुत से नये विचार मिलेंगे जो कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोगी साबित होगें।

TARUN MITRA PAGE 12

11 से होगा लविवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

लखनऊ, 06 अप्रैल (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग एंव इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन की लखनऊ शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 एवं 12 अप्रैल को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, विषयक-सतत संवृद्धि ,75: स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के उपरान्त तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम है का आयोजन करने जा रहा है।

जिसकी जानकारी विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग एवं सम्मेलन के संयोजक प्रो. अवधेश कुमार द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह का सभी अतिथियों की उपस्थिति में औपचारिक अनावरण किया। साथ ही आगामी सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 500 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वतजनों के द्वारा पंजीकरण कराया गया हैं। जिसमें मुख्य रूप से ओमान, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, और बांग्लादेश आदि सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में तीन-तीन टेक्निकल सेशन,एक पैनल और प्लेनरी सेशन निर्धारित है।

इस दौरान विभागाध्यक्ष ने थीम पर प्रकाश डालते हुए सस्टेनेबिलिटी की महत्ता को बताते हुए कहा कि उसके उचित क्रियान्वयन हमारे समाज के निरन्तर विकास के लिए अतिआवश्यक है, सभी प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट किए बिना, औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को तीव्रता प्रदान करने के उपायों एवं प्रयासों द्वारा भी सतत वैधविक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय विकास सम्भव है और यह प्रत्येक संस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य है।

इस बात को आगे रखते हुए विभागाध्यक्ष ने यह भी जानकारी दी की भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है, आईएमएफ हो विश्व बैंक हो या फिर दुनियाभर की रेटिंग एजेंसियां, सभी ने भारत देश की अर्थव्यवस्था की प्रशंसा की है। ऐसे में समझा जा सकता है कि भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति किस तरह से दुनिया में अपना परचम लहरा रही हैं।

LOK SATYA PAGE 3

इंडियन साइंस कांग्रेस की टीम करेगी यूनिवर्सिटी का भ्रमण

भ्रमण

- लखनऊ यूनिवर्सिटी में विभिन्न कार्यक्रम

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी के वाणिज्य विभाग और इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन की ओर से 11-12 अप्रैल 2023 को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'सतत संवृद्धि/ 75 स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के बाद तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम' है।

विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग एवं सम्मेलन के संयोजक प्रो अवधेश कुमार ने बताया कि सम्मेलन के पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया गया। सम्मेलन में पांच सौ राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विद्वान पंजीकृत हुए हैं। ओमान, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, और बांग्लादेश इत्यादि सहित अन्य देश के प्रतिनिधि भाग लेंगे। पॉक्सो अधिनियम व शिक्षा का अधिकार कार्यशाला

लखनऊ यूनिवर्सिटी के विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संकायाध्यक्ष व अधिष्ठाता डॉ बीडी सिंह और चेयरपर्सन, विधिक सेवा केंद्र डॉ आलोक कुमार यादव के संयोजन में पायनियर मांटेसरी स्कूल, जानकीपुरम में पाक्सो अधिनियम 2012 व शिक्षा का अधिकार पर कार्यशाला हुई। विधिक सहायता केंद्र की वरिष्ठ सदस्या कृतिका सिंह ने छात्रों से यह पूछकर कार्यशाला का समापन किया। संचालन खंड शिक्षा अधिकारी, लखनऊ पीके पटेल ने किया। विद्यालय प्रचार्या फ्राया जीसमन ने आभार जताया।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: आज आएगी विज्ञान कांग्रेस टीम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन तीन से सात जनवरी, 2024 में किया जाएगा। इसके मद्देनजर शुक्रवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस की ओर से 10 सदस्य विश्वविद्यालय आएंगे। जो तीन दिनों तक एलयू में सुविधाओं का जायजा लेंगे। इस संबंध में गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर कई कमेटियों का गठन किया। इसमें कोऑर्डिनेशन कमेटी, हॉस्पिटैलिटी, मीडिया, फीड बैक कमेटी शामिल हैं।

दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग व इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से 11 व 12 अप्रैल को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा। इस संबंध में गुरुवार को वाणिज्य विभाग के प्रो. एसबी सिंह सभागार में प्रेस वार्ता की। विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार ने बताया कि तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम कॉन्फ्रेंस होगी।

वाणिज्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एंवइंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन (लखनऊ शाखा) द्वारा 11 व 12 अप्रैल को होगा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

दैनिक रिपब्लिक रैनैसां
ब्यूरो चीफरामकृष्ण मिश्रा

लखनऊ। वाणिज्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एंव इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन (लखनऊ शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी दिनांक 11-12 अप्रैल 2023 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, विषयक, सतत् संवृद्धि ध् 75स्त स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों के उपरान्त तृतीय महत्तम अर्थव्यवस्था की ओर भारत के बढ़ते कदम है का आयोजन करने जा रहा है, जिसकी जानकारी विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग एवं सम्मेलन के संयोजक प्रो0 अवधेश कुमार द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पोस्टर एवं प्रतीक चिन्ह का सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में औपचारिक अनावरण किया, साथ ही आगामी सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 500 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वतजनों के द्वारा पंजीकरण कराया गया हैं, जिसमें मुख्य रूप से ओमान, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, और बांग्लादेश इत्यादि सहित अन्य देशों के डेलिगेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। दो दिवसीय सम्मेलन में 3-3 टेक्निकल सेशन, एक पैनल और प्लेनरी सेशन निर्धारित है। विभागाध्यक्ष ने थीम पर प्रकाश डालते हुए सस्टेनेबिलिटी की महत्ता को बताते हुये कहा कि उसके उचित क्रियान्वयन हमारे समाज के निरन्तर विकास के लिए अतिआवश्यक है, सभी प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट किए बिना, औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को तीव्रता प्रदान करने के उपायों एवं प्रयासों द्वारा भी सतत् वैधविक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय विकास सम्भव है और यह प्रत्येक संस्था का दीर्घकालिक लक्ष्य है। इस बात को आगे रखते हुए विभागाध्यक्ष ने यह भी जानकारी दी की भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है, आईएमएफ हो विश्व बैंक हो या फिर दुनियाभर की रेटिंग एजेंसियां, सभी ने भारत देश की अर्थव्यवस्था की प्रशंसा की है। ऐसे में समझा जा सकता है कि भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति किस तरह से दुनिया में अपना परचम लहरा रही हैं। विभागाध्यक्ष के द्वारा यह भी बताया गया कि इस अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है और इस सम्मेलन से शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को बहुत से नये विचार मिलेंगे जो कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए उपयोगी साबित होगें।